संख्या-10/2022/ई.आ.642/001-46-2002-002-1-2022

प्रेषक,

शिव सहाय अवस्थी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

चीनी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चीनी उद्योग अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 03 नवम्बर, 2022

विषयः- वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय'व्ययक में अनुदान संख्या-24 के अन्तर्गत सहकारी चीनी मिलों के क्षमता विस्तारीकरण/आधुनिकीकरण/प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र/को-जनरेशन संयंत्र/आसवनी की स्थापना एवं जीर्णोद्धार आदि कार्यो हेतु ऋण के रूप में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष सहाकरी चीनी मिलों में वेट स्क्रबर, स्थापित ब्वायलर की चिमनियों पर आनलाइन मानीटरिंग सिस्टम, स्विंग टाइप फाइब्राइजर, सुपर हीटेड वाश वाटर सिस्टम के स्थान पर प्लेटटइप हीटर एक्सचेंजर, कन्डेनसरों का पूर्ण आटोमेशन, मासफ्लोमीटर, शुगर बिन सस्टम, रोटरी जूस स्कीन व 1750 किग्रा चार्ज की ए-मशीन की स्थापना के कार्यो हेतु रू.2000/- लाख (रूपए बीस करोड़ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि. के पत्र संख्या-387 यू.पी.एफ./तक./बजट/2022-23 दिनांक 04.08.2022 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान सख्ंया-24 के अन्तर्गत सहकारी चीनी मिलों के क्षमता विस्तारीकरण/आधुनिकीकरण/प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र/को-जनरेशन संयंत्र/आसवनी की स्थापना एवं जीर्णोद्धार आदि कार्यो हेतु ऋण के रूप में प्राविधानित धनराशि रू.19500/- लाख (रूपए एक अरब पन्चानबे करोड़ मात्र) में से 04 सहकारी चीनी मिलों के 07 नग ब्वायलरों पर वेट स्क्रबर की स्थापना के लिए रू.1000/- लाख (रूपये दस करोड़ मात्र), 17 सहकारी चीनी मिलों में स्थापित ब्वायलर की चिमनियों पर आनलाइन मानीटरिंग सिस्टम की स्थापना के लिए रू.150/- लाख (रूपये एक करोड़ पचास लाख मात्र), 03 सहकारी चीनी मिलों में स्विंग टाइप फाइब्राइजर की स्थापना के लिए रू.200/-लाख (रू. दो करोड़ मात्र), 06 सहकारी चीनी मिलों में सुपर हीटेड वाश वाटर सिस्टम के स्थान पर प्लेट टाइप हीटर की स्थापना एवं 03 सहकारी चीनी मिलों में कन्डेनसरों का पूर्ण आटोमेशन हेतु रू.150/- लाख (रू. एक करोड़ पचास लाख मात्र) तथा सहकारी चीनी मिलों को अपग्रेड करने हेतु 04 सहकारी चीनी मिलों में मासफ्लो मीटर, 03 सहकारी चीनी मिलों में शुगर बिन सिस्टम, 04 सहकारी चीनी मिलों में रोटरी जूस स्कीन व 02 सहकारी चीनी मिलों में 1750 किलोग्राम चार्ज की ए-मशीन की स्थापना के लिए रू.500/-लाख (रू.पांच करोड़ मात्र) कुल रू.2000/- लाख (रू. बीस करोड़ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति को ऋण के रूप में स्वीकृत करने तथा उक्त का व्यय किये जाने की, श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं तथा आपको अधिकृत करते हैं कि आप कृपया वित्तीय हस्त पुस्तिका भाग-1 के पैरा-223 में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार इस धनराशि को राजकोष से आहरित कर, सहकारी चीनी मिलों में वेट स्क्रबर, स्थापित ब्वायलर की चिमनियों पर आनलाइन मानीटरिंग सिस्टम, स्विंग टाइप फाइब्राइजर, सुपर

http://shasanadesh.up.gov.in

हीटेड वाश वाटर सिस्टम के स्थान पर प्लेट टाइप हीटर, कन्डेनसरों का पूर्ण आटोमेशन, मासफ्लो मीटर, शुगर बिन सिस्टम, रोटरी जूस स्कीन व 1750 किलोग्राम चार्ज की ए-मशीन की स्थापना के कार्यों को कराने हेतु प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि. लखनऊ को तत्काल उपलब्ध कराएँ:-

नियम व शर्तें/प्रतिबन्धों

(1) उक्त धनराशि उसी कार्य के लिए व्यय की जाएगी, जिस हेतु स्वीकृत की गयी है।

(2) राज्य सरकार की सामान्य व्यवस्थाओं के अन्तर्गत ऋण की अदायगी 10 वर्षों में की जाएगी।

(3) ब्याज की दर 14 प्रतिशत (11.50+2.50) वार्षिक होगी तथा नियमित अदायगी पर 2.50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी तथा प्रभावी ब्याज दर 11.50 प्रतिशत होगी।

(4) मूलधन/ब्याज अदायगी में व्यवधान होने पर 2.50 प्रतिशत की छूट अनुमन्य न होगी तथा प्रभावी ब्याज दर 14 प्रतिशत देय होगी। दण्डात्मक ब्याज दर अदायगी की निश्चित तिथि से अदायगी की वास्तविक तिथि के ठीक पूर्व तक लागू रहेगी।

(5) मूलधन एवं ब्याज की पहली किश्त की अदायगी की तिथि ऋण आहरण की पहली वर्षगांठ तिथि होगी। अग्रतर किश्तों की अदायगी इसी प्रकार एक वर्ष की समाप्ति पर पड़ने वाली वर्षगांठ तिथि को की जानी होगी।

(6) उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि. ऋण के आहरण की सूचना उप महालेखाकार (राजकोष) कार्यालय, महालेखाकार (लेखा) प्रथम, उ.प्र. प्रयागराज को शासनादेश की प्रति के साथ कोषागार का नाम, बाउचर संख्या, तिथि, लेखा शीर्षक सूचित करते हुए भेजेंगे।

(7) संघ द्वारा ऋण की किश्तों का भुगतान किया जाए या उनके द्वारा ब्याज जमा किया जाये, महालेखाकार कार्यालय को सूचना निम्न प्रकार से अवश्य भेजें:-

(1) कोषागार का नाम-

(2) चालान संख्या तथा दिनांक-

(3) जमा धनराशि किश्त ब्याज

(4) लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत जमा किया गया किश्त ब्याज

(5) शासनादेश संख्या और एस.एल.आर. का सन्दर्भ

(6) पिछले जमा का सन्दर्भ

(8) चीनी आयुक्त आहरण का प्रत्येक वर्ष के लेखों का मिलान महालेखाकार के कार्यालय के लेखों से अवश्य कराएँ।

(9) भविष्य में शासन द्वारा स्वीकृत ऋण का आहरण तभी किया जायेगा जब यह सुनिश्चित हो जाये कि संघ ने इस प्रकार के वार्षिक लेखों का मिलान महालेखाकार कार्यालय के लेखों से करा लिया गया है, ताकि प्रत्येक अवशेष ऋण की स्थिति शासन को स्पष्ट रहे और ऋणी संस्था महालेखाकार कार्यालय से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्राप्त करके शासन को अवश्य उपलब्ध करा देंगे।

(10) इस शासनादेश में उल्लिखित धनराशि के आहरण-वितरण तथा धनराशि के उपयोग की पूर्ण सूचना, बाउचर तथा आहरण की तिथि सहित, शासन को शीघ्र भेजी जाएगी। प्रधान प्रबन्धक द्वारा हस्ताक्षरित एवं प्रबन्ध निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित उपयोगिता प्रमाण-पत्र भी अनिवार्य रूप से शासन/महालेखाकार को प्रेषित किया जायेगा।

(11) इस शासनादेश में वित्त विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्ट–शर्तों का अनुपालन वित्त नियंत्रक/मुख्य/ वरिष्ठ/ लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित

http://shasanadesh.up.gov.in

शर्तों में किसी प्रकार का विचलन हो तो सम्बन्धित वित्त नियंत्रक आदि का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित तुरन्त वित्त विभाग को दे दी जाए।

(12) सहकारी चीनी मिलों में वेट स्क्रबर, स्थापित ब्वायलर की चिमनियों पर आनलाइन मानीटरिंग सिस्टम, स्विंग टाइप फाइब्राइजर, सुपर हीटेड वाश वाटर सिस्टम के स्थान पर प्लेट टाइप हीटर, कन्डेनसरों का पूर्ण आटोमेशन, मासफ्लो मीटर, शुगर बिन सिस्टम, रोटरी जूस स्कीन व 1750 किलोग्राम चार्ज की ए-मशीन की स्थापना के कार्यों हेतु दी जा रही धनराशि के व्यय व उपयोग किये जाने का मदवार (प्रत्येक चीनी मिल का) विवरण सहित (वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व) उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा।

(13) यह भी स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी को निवर्तन पर रखे जाने मात्र से किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति, विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(14) विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत बजट में प्रावधानित धनराशि का आवण्टन एवं आवण्टित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 06 जून, 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(15) व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ-साथ राजकीय धन व्यय करने में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डर्स ऑफ फाइनेन्शियल प्रोपाइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 20,00,00,000 (रूपये बीस करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 024 लेखा शीर्षक 6860041012100 उ.प्र. सहकारी चीनी मिल संघ की चीनी मिलों के आफ सीजन मरम्मत के लिए कर्ज मानक मद 30 निवेश/ऋण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-6-81-X-2022-23, दिनांक:18.10.2022 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

शिव सहाय अवस्थी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

संख्या-10/2022/ई.आ.642/001-46-2002-002-1-2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/प्रयागराज।

3- प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि., लखनऊ।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- आदर्श कोषागार, कलेक्ट्रेट, लखनऊ।

5- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ.प्र. प्रयागराज।

6- वित्त नियंत्रक, कार्यालय, आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उ.प्र., लखनऊ।

7- वित्त (व्यय नियन्त्रण) अनुभाग-6 एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-4

8- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

शिव सहाय अवस्थी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.gov.in